बीबीडी उत्कर्ष-2017 का दूसरा दिन

फोक डांस व कामेडी में छात्रों का हुनर देख दर्शक मंत्रमुग्ध

अनिल कुमार सिंह, VOL

लखनऊ। फोक डांस, कामेडी और तमाम प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं का हुनर देख लोग मंत्रमुग्ध थे। हर किसी की जुबान पर प्रतिभागियों के टैलेंट को सराहा जा रहा था। तालियों की गूंज और रोचक सांस्कृतिक प्रस्तुति देखकर छात्राओं की प्रतिभा के लोग मुरीद हो गये। मौका था बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव 'उत्कर्ष-2017' का दूसरा दिन। 'उत्कर्ष-2017' समारोह के दूसरे दिन के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के मुख्य आकर्षण मे रंगों का द्रव्य स्किट, आभा (मोनो एक्टिंग), रास (फोक डांस), बोन्जर (फैशन शो), दि चैपलिन (स्टैंडअप कामेडी), स्ट्रीट डांस, कान्ति (माइम), सम्भाव्य एवं फेस् ऑफ आदि थे।

शुक्रवार को 'ग्लैम फीयेस्टा' छात्र-छात्राओं के बीच मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा, जहां प्रतिभाओं ने सेकेंड राउन्ड के लिए 'मिस्टर एवं मिस उत्कर्ष - 2017' का खिताब जीतने के लिए अपने-अपने हुनर के साथ-साथ बुद्धि की सृजनात्मकता के भी उत्कृष्ट नमूने पेश कर समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। तकनीकी प्रतियोगिताओं में, रोबो कान, मिनी रोबोवार्स, टेक्निको क्विज, रोबो मैराथन, लाइन फॉलोअर, लाइट फॉलोअर समेत वर्तमान समय की तकनीकी सोच पर आधारित खेलों ने छात्रों को आकर्षण का केन्द्र बनाया। साहित्यिक कार्यक्रमों के तहत आमने-सामने, लेट्अस टॉक, कवि सम्मेलन, जस्ट-ए-मिनट, दृष्यम, पिरामिड एवं मुशायरा को प्रदर्शित कर एक सकारात्मक दिशा का सृजन किया, जिससे श्रोताओं ने साहित्य का भरपूर लुत्फ उठाया। फाइन आर्ट्स में रंगीला, ड्रेस डिजाइनिंग, रंग फरोशी, बैम्बोटेक, मिट्टी से खेल एवं मेन डिजाइन, मेंहदी समेत प्रतियोगिताओं ने छात्र-छात्राओं के अंतरमन में प्रतियोगिता की भावना विकसित की। खेल प्रतियोगिताओं में टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बॉस्केट बाल, वालीबाल, बैडमिंटन की स्पर्धाओं ने इवेंट रोचकता और बढ़ा दी।

इन सभी प्रतियोगिताओं के अलावा अत्यधिक रोचक व मनोरंजन का केन्द्र बिन्दु 'डी.जे. नाइट' रही, जहां छात्र-छात्राओं ने तमाम गीतों पर पूरे जोश से डांस कर लोगों को भी थिरकने पर मजबूर कर दिया। जिसमें सन एण्ड एबीएस पुणे रैबिंक मुम्बई एवं द नेगलेक्टेड वन्स मुम्बई आदि ने परफार्म किया। शुक्रवार को 'उत्कर्ष-2017' के दूसरे दिन के विभिन्न कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने हर्षोल्लास के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम के दूसरे दिन प्रतियोगियों में खासा उत्साह दिखा और पूरा कैंपस युवा जोश से गुलजार रहा।